प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

0000

वाहन सख्ती

राज्य सरकार ने सरकारी अधिकारियों द्वारा वाहनों पर अनाधिकृत रूप से फ्लैशर और रेड लाइट लगाने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए निर्देश जारी किए हैं कि केवल आपातकालीन और आपदा प्रबंधन से जुड़े वाहनों को ही मल्टी कलर लाल, नीला और सफेद लाइट के उपयोग की अनुमति रहेगी। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन ने सभी प्रशानिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को इन आदेशों का सख्ती से अनुपालन करने के लिए पत्र जारी किया है। आदेश में ये भी कहा गया है कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को सिंगापुर और कम्बोडिया की यात्रा पर भेजना हिमाचल ही नहीं बल्कि पूरे भारत के परिपेक्ष में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि यात्रा पर गए इन 50 मेधावी विद्यार्थियों को इन देशों की ऐतिहासिक धरोहरों और संस्कृति को देखने का मौका मिला। शिक्षा मंत्री ने इस पहल को अपने दो वर्ष के कार्यकाल का सबसे प्रमुख कदम बताया।

विधेयक अधिसूचना

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की मंजूरी के बाद सरकारी कर्मचारी की शर्तें विधेयक 2024 को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पारित इस विधेयक के प्रारुप पर आज से अमल होगा। इसके तहत हजारों अनुबंध कर्मचारियों को अब ज्वाइनिंग तिथि से वरिष्ठता के साथ वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा। अनुबंध कर्मचारियों को यह लाभ अदालत से केस जीतने के बाद दिया जाना था, लेकिन सरकार इसको लेकर विधानसभा में विधेयक लाई। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार अनुबंध पर सेवाएं देने वाले कर्मचारियों की वरिष्ठता उनके नियमित होने के बाद तय होगी।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 23 फरवरी को मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। श्रोता टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0–1 1–7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा माइगॉव और नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। चंबा, कुल्लू, लाहौल स्पीति व सिरमौर जिले की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हो रहा है। इधर शिमला जिला के पर्यटक स्थल नारकंडा व कुफरी में भी रूक–रूककर हिमपात जारी है। नारकंडा में करीब 2 से 3 इंच तक बर्फबारी हुई है। इस ताजे हिमपात का पर्यटक भरपूर आनंद ले रहे हैं।

दूसरी ओर मध्यम और मैदानी क्षेत्रों में आज सुबह हल्की बारिश हुई। किसानों का मानना है कि लंबे अरसे के बाद हुई इस वर्षा से उनकी फसलों को संजीवनी मिलेगी।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 21 फरवरी तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व अन्य भागों में वर्षा होने की संभावना है।

दिल्ली मुख्यमंत्री

दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता आज शपथ लेंगी। रेखा गुप्ता ने राज निवास में उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने दिल्ली के लोगों के कल्याण और विकास के लिए पूरी ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और समपर्ण के साथ काम करने का संकल्प लिया। रेखा गुप्ता पहली बार विधायक बनी हैं और उन्होंने शालीमार बाग विधानसभा सीट से चुनाव जीता है। रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी।

आवेदन तिथि

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 21 फरवरी तक बढ़ा दी है। आयोग की वेबसाइट पर भी इसकी विस्तृत सूचना साझा की गई है।